तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 23 मई 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 शिव ही हैं जो कर्ज और मर्ज में आपका साथ देते हैं : पं.मिश्रा



14 शिव-पार्वती की कथा सुन श्रोता हुए निहाल



## खबर संक्षेप

### मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक 26 को

**कुरूद।** ग्राम नवागांव उमरदा में 26 मई रविवार को मानिकपुरी पनिका (कोसरिया) समाज की बैठक समाज के सामुदायिक भवन में सुबह 11 बजे से रखी गई है। सामाजिक पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील परिक्षेत्र अध्यक्ष नेमदास बघेल ने की है।

### कटहल से भरा ट्रक पलटा, चालक घायल



**धमतरी।** रायपुर जा रहा कटहल से भरा ट्रक नेशनल हाईवे में ग्राम छाती के पास पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक को चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम कटहल से भरा ट्रक नेशनल हाईवे होते हुए रायपुर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक का टायर फट गया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर ग्राम छाती के पास सड़क के बीचोंबीच पलट गई। इस घटना में ट्रक में भरा कटहल सड़क पर बिखर गया। ट्रक के बीच सड़क पर पलट जाने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोट आई है। उसे उपचार के लिए कुरूद अस्पताल भेजा गया, वहीं घटना की सूचना पर यातायात डीएसपी तत्काल घटनास्थल पहुंचे और ट्रक को सड़क किनारे करवाकर यातायात बहाल कराया।

### मगरलोड में मानसगान सम्मेलन कल से

**मगरलोड।** राघवेन्द्र सरकार मानस गुणगान युवा समिति मगरलोड एवं दानदाताओं के सहयोग से मानसगान सम्मेलन का आयोजन 24 से 26 मई तक पुराना बाजार चौक में किया गया है। शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन 24 मई शुक्रवार को शाम 6 बजे होगा। 24 मई को पहले दिन बाल समाज नवयुवक मण्डली मगरलोड, श्रीराम मानस परिवार ओनवा पीपरहट्ठा छुरा की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 25 मई को बजरंग मानस परिवार मगरलोड, मधुकर मानस मंडली भरदा मगरलोड, शारदा रानी मानस मण्डली सोरिद महासमुंद, जय बजरंग मानस मण्डली छाती सेनचुवा, सुर समागम मानस परिवार मौलीपार दुधावा, तीसरे दिन रविवार को जय महामाया महिला मानस मंडली मगरलोड, सत्संग सरिता मानस परिवार हसदा, मधुरिमा मानस मंडली बरोंडा चौक महासमुंद, ममतामयी महिला मानस मण्डली अरौद स्वरांजलि मानस परिवार खुरसुर अर्जुंदा की प्रस्तुति होगी।

# निरीक्षण के दौरान नदारद रहे डॉक्टरों व स्टाफ को नोटिस जारी

## कलेक्टर ने किया था जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए डॉक्टरों व स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है। वहीं भोजनशाला के ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई आगे बढ़ी है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर नम्रता गांधी ने मंगलवार की शाम जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान ओपीडी खुली हुई थी। सेकेण्ड शिफ्ट के लिए कुछ डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे। ओपीडी समय में अपने कर्तव्य पर नहीं पाए पर नाराज कलेक्टर ने अनुपस्थित डॉक्टरों को एक दिन का वेतन काटने व स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी करने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया था। आदेश का परिपालन करते हुए अस्पताल प्रबंधन ने बुधवार को 9 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया। वहीं लापरवाह स्टाफ के लिए भी कार्रवाई के लिए कहा गया था। वहीं निरीक्षण के दौरान एक चिकित्सक की व्हीआईपी ड्यूटी कुरूद में लगी थी। नोटिस जारी होने से डॉक्टरों में खलबली बच गई है।






### भोजनशाला के ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भोजनशाला का भी जायजा लिया था। निरीक्षण के दौरान किचन में एक्सपायरी लडडू, खंडा चावल, दाल पाया गया। कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम व खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। अधिकारियों ने रात्रि 11 बजे तक पंचनामा तैयार कर कलेक्टर को रिपोर्ट सौंप दी थीं। ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की संभावना है।

## सिंचाई कर पटाने में रूचि नहीं, हर साल बढ़ रहा आंकड़ा

# तीन साल में किसानों पर चढ़ा तीन करोड़ का कर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य शासन ने 3 साल पहले किसानों का सिंचाई कर माफ किया था। इन 5 सालों में फिर से किसानों पर 301 लाख रुपए का कर्ज चढ़ गया है। इस साल किसानों ने मात्र 69 लाख रुपए ही चुकता किया है। उधर नगर निगम ने भी 7 साल से पेयजल की राशि जमा नहीं की है।

किसानों को राहत देते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने सिंचाई कर माफ कर दिया था। इस राहत से किसानों का मन नहीं भरा है। माफी के बाद भी वे सिंचाई कर पटाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। यह चुनावी साल है। ऐसे में अधिकांश किसान इस उम्मीद में बैठे थे कि फिर से उनका सिंचाई कर माफ कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सिंचाई कर नहीं पटाने से किसानों पर कर्ज चढ़ता ही जा रहा है। तीन साल में किसानों पर 370.05 लाख रुपए का कर्ज चढ़ गया था। सिंचाई कर पटाने में किसानों की अरूचि को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने वसूली के लिए अभियान चलाया, इसके बाद भी वसूली सुस्त रही। जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग ने 230.65 लाख रुपए वसूली का लक्ष्य रखा था। अब तक मात्र 69 लाख रुपए ही वसूल हो पाया है, जो लक्ष्य का 30 प्रतिशत है। अब फिर से खरीफ में किसानों को पानी दिया जाएगा। ऐसे में कर्ज की राशि और बढ़ेगी।



### नगर निगम पर चढ़ा 11.50 करोड़ का कर्ज

नगरीय निकायों को पेयजल के लिए काफी कम शुल्क में पानी दिया जाता है। जानकारी के अनुसार 1 घनमीटर के लिए मात्र 65 पैसा चार्ज किया जाता है। 1 घनमीटर में 1 हजार लीटर पानी आता है। इतना सस्ता पानी मिलने के बाद भी नगर निगम द्वारा पानी के बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। पिछले 7 साल से नगर निगम द्वारा सिंचाई विभाग को जलकर नहीं देने के कारण कर्ज बढ़कर 11.52 करोड़ हो गया है।

### कई जिलों की बुझाता है प्यास

धमतरी जिले में न तो सिंचाई को लेकर ज्यादा समस्या है और न ही पेयजल को लेकर। इसका मुख्य कारण रविशंकर जलाशय परियोजना के 4 बांध है। ये न सिर्फ धमतरी की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि भिलाई स्टील प्लांट, रायपुर नगर निगम, भिलाई पावर प्लांट, सहित अन्य जिलों की जरूरतों को पूरा करते हैं। बलौदाबाजार तक इस बांध से सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। वह भी नाममात्र शुल्क में। इतनी जरूरतों को पूरा करने के बाद भी सिंचाई विभाग को पर्याप्त टैक्स नहीं मिल रहा है। ऐसे में राशि के अभाव में मेंटनेंस में समस्या आ सकती है।

### तो सिंचाई के लिए पानी देने में आएगी समस्या

गर्मी में निस्तारी सहित अन्य उपयोग के लिए लगातार पानी रिलीज करने से गंगरेल बांध का जलस्तर काफी कम हो गया है। जलस्तर को मेंटेन करने के लिए मुरूमसिल्ली बांध सहित अन्य बांधों से पानी गंगरेल बांध में लाया जा रहा है। गंगरेल बांध के खाली होने के कारण खरीफ सीजन के शुरूआती दौर में पानी देने में समस्या आ सकती है, हालांकि बारिश से बांध में आवक शुरू होने के बाद किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा।

# मानसून से पहले मौसम का कहर

## रात में चली आंधी, हुई बारिश, कई स्थानों पर रहा ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार की रात में चली आंधी-बारिश से जिले के कई स्थानों पर ब्लैकआउट की स्थिति रही। कई जगहों पर तार टूटकर गिर गए थे। दो उपकेंद्र भी बंद हो गए थे। रात में ही विद्युत विभाग के कर्मचारी एक्टिव हो गए थे। सुबह 10 बजे तक अधिकांश स्थानों पर व्यवस्था बहाल कर ली गई। बुधवार को दिनभर विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइन सुधारने में जुटे रहे।

मानसून आने से पहले मौसम कहर बरपा रहा है। अंचल में अंधड़-बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे विद्युत व्यवस्था काफी प्रभावित हो रही है। पिछले दिनों चली आंधी-बारिश से विद्युत विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। बड़ी मुश्किल से इस नुकसान की रिकवरी हो पाई थी कि मंगलवार की आधी रात फिर से अंधड़-बारिश ने जमकर कहर बरपाया। आंधी बारिश से कई पोल, तार टूट गए, जिससे जिले के स्थानों पर ब्लैक आउट की स्थिति रही। शहर में भी घंटों तक बिजली बंद रही। ग्रामीण अंचल में नुकसान ज्यादा हुआ है। लाइन क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों में रातभर बिजली आपूर्ति बधित रही। दो विद्युत उपकेंद्र बंद हो गए। आंधी-बारिश थमने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी रात में व्यवस्था सुधारने में जुट गए थे। सुबह 10 बजे तक दोनों विद्युत उपकेंद्र को चालू कर लिया गया। राजपुर में एक एलटी पोल टूट गया था, यहां पर नया पोल लगाया गया वहीं जहां-जहां पर इंसुलेटर खराब हुआ था, वहां उसे बदला गया।





### ये क्षेत्र रहे प्रभावित, रात भर लोग रहे परेशान

ग्रामीण क्षेत्र में रुद्री सबस्टेशन के कोलियारी फीडर में ग्राम कलारतराई, बंजारी, कानीडबरी, भोयना फीडर में ग्राम बरारी एवं कोटाभर्री में विद्युत लाइन पर पेड़ की टहनियां गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। धमतरी शहर जोन के रुद्री, गोकुलपुर रोड में पेड़ों की टहनियां गिरने से कई स्थानों पर तार टूट गए। नहरनाका चौक, जनपद ऑफिस के सामने तथा सिहावा रोड क्षेत्र में भी लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। नगरी के गट्टासिल्ली वितरण केंद्र के अंतर्गत 33 केवि फीडर में फाल्ट आया था। ग्राम राजपुर में एक एलटी पोल टूट गया था। अधिकांश स्थानों पर सुबह 10 बजे तक फाल्ट सुधार कर विद्युत व्यवस्था बहाल कर ली गई थी।

### रात में ही चालू हो गया था सुधार कार्य

रायपुर क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अशोक खंडेलवाल के मार्गदर्शन में विद्युत विभाग की टीम रात में ही एक्टिव हो गई थी। सभी जगहों पर स्थानीय विद्युत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आंधी-वर्षा बंद होने के तत्काल बाद सुधार कार्य चालू कर दिया था। क्षतिग्रस्त लाइन एवं टूटे पोल को रात्रि में ही सुधार कर सभी जगह विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।

- जीके बंजारे,
*कार्यपालन अभियंता धमतरी संभाग*

# तालाबों को भरने से बांधों का खजाना हुआ खाली

- इस साल मानसून के भरोसे शुरू करनी होगी खेती-किसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निस्तारी के लिए तालाबों को भरने में बांधों का खजाना खाली हो गया है। लगभग सभी बांध डेड स्टोरेज के करीब पहुंच गए हैं। स्थिति यह है कि खेती शुरू करने के लिए किसानों को बांधों से पानी नहीं दिया जा सकेगा। इस साल किसानों को मानसून के भरोसे खेती शुरू करनी होगी।

रविशंकर जलाशय परियोजना के चार बांधों के दम पर धमतरी जिला जल आपूर्ति के मामले में संपन्न है। गंगरेल बांध से भिलाई, रायपुर से लेकर बलौदाबाजार तक विभिन्न जरूरतों के लिए पानी दिया जाता है लेकिन इस गर्मी में परियोजना के चारों बांधों की हालत पतली हो गई है। चारों बांध में काफी कम मात्रा में पानी बचा हुआ है। सभी बांध अब मानसून के भरोसे हैं। शीघ्र ही बांधों में पानी की आवक शुरू नहीं होती है तो कई जरूरतों के लिए पानी देना मुश्किल हो जाएगा। यहीं नहीं जून माह में खेती-किसानी शुरू हो जाएगी। इस बार किसानों को मानसून के भरोसे ही खेती शुरू करनी होगी, क्योंकि बांधों में इतना पानी नहीं है कि किसानों को जरूरत पड़ने पर सिंचाई की सुविधा दी जा सके।

### खाली हुआ मुरूमसिल्ली बांध




अंग्रेजों के जमाने से बने मुरूमसिल्ली बांध की स्थिति काफी चिंताजनक है। जानकारी के अनुसार 5.839 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध में मात्र 0.121 टीमएमसी पानी बचा हुआ है। यह इसकी डेड स्टोरेज कैपीसिटी है, जिसे बांध से निकाला नहीं जा सकता है। यानी बांध पूरी तरह से खाली हो गया है। गंगरेल बांध का जलस्तर घटने पर इस बांध का पानी गंगरेल बांध में लाया गया। अब यहां से गंगरेल बांध में पानी लाना बंद कर दिया गया है।

### गंगरेल में 24 प्रतिशत पानी

32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध में कुल 7.947 टीएमसी पानी शेष है। इसमें से 5.071 टीएमसी इसकी डेड स्टोरेज कैपीसिटी है। इस पानी को बांध से निकाला नहीं जा सकता है। बांध में मात्र 2.876 टीएमसी उपयोगी पानी है। इसी प्रकार 10.192 टीएमसी क्षमता वाले दुधावा बांध में 15 प्रतिशत पानी बचा हुआ है जिसमें से 1.572 प्रतिशत पानी का उपयोग किया जा सकता है। 6.995 टीएमसी क्षमता वाले सोंढूर बांध में 21.97 प्रतिशत पानी है। 0.653 टीएमसी डेड स्टोरेज को छोडकर 0.883 टीएमसी पानी का उपयोग किया जा सकता है।

# समर कैंप से होगा बहुमुखी कौशल का विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



- श्रृंगी ऋषि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिन्दी स्कूल में उमंगों की उड़ान का शुभारंभ

ग्रीष्मकालीन अवकाश को प्रभावी बनाकर छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनमें बहुमुखी कौशल का विकास करने 31 मई तक विकासखंड स्तरीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। नगरी स्थित शासकीय श्रृंगी ऋषि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय में 22 मई को विकासखंड स्तरीय समर कैंप उमंगों की उड़ान का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, प्राचार्य एसके प्रजापति, एबीईओ माहेश्वरी ध्रुव ने दीप प्रज्वलित कर किया। राजेश तिवारी ने योग, प्राणायाम, व्यायाम सिखाया। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदानंद एवं उनकी टीम ने बालगीत, हस्तशिल्प, रचनात्मक लेखन की बारीकियां सिखाई। कार्यक्रम का संचालन निशा साहू, गायत्री बोडले ने किया। इस अवसर पर संकुल समन्यवक नगरी, छिपली, देवपुर सहित विकासखण्ड के शिक्षक उपस्थित थे। समर कैंप से छात्र रचनात्मक गतिविधियों हस्तशिल्प, गायन, नृत्य, चित्रकला, खेलकूद, योग, प्राणायाम, ध्यान, मेमोरी पावर, वैल्यू एजुकेशन सहित विविध क्रियाकलापों के माध्यम से बहुमुखी कौशल का विकास करेंगे। समर कैंप के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई गई है।

## मगरलोड पुलिस ने चार आरोपियों से 15 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह पर दूसरी बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह पर दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। इस घटना में दो नाबालिग सहित चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 15 मोटरसाइकिल बरामद की गई।

मगरलोड पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब भट्ठी के पास 4 संदिग्ध व्यक्ति दो अलग-अलग बिना नंबर बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल को बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे हैं। पुलिस ने चारों को थाना लाकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि ग्राम कुण्डेल फिंगेश्वर से दो नग हीरो पैसन प्रो, फिंगेश्वर से होण्डा लियो, अकलवारा छुरा से होण्डा स्पलेण्डर, महासमुंद से हीरो एचएफ डीलक्स, माना रायपुर से दो नग सुपर स्पलेण्डर, तर्रीघाट फिंगेश्वर से बजाज प्लेटिना, नयापारा राजिम से एक हीरो एचएफ डिलक्स एवं दो नग बजाज प्लैटिना, ग्राम टेकारी सड्डू रायपुर से एक एक्टिवा स्कूटी, ग्राम कस से एक पैसन प्रो मोटरसाइकिल की चोरी की थी। मोटरसाइकिल की पहचान छुपाने आरोपी उसकी नंबर प्लेट निकाल लेते थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। विधि से संघर्षरत दोनों बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत, प्रआर दीनू मारकण्डे, सउनि नेहरू राम साहू, आरक्षक नवीन टंडन, गोविंदा घृतलहरे, विमल पटेल, राजेन्द्र कतलम, नरेन्द्र बंजारे, गजानंद साहू, अजय गिरी, विद्या गजपाल का योगदान रहा।




### ये आरोपी पकड़े गए

पुलिस ने इस मामले में राम सोनवानी पिता स्व. धनीराम सोनवानी उम्र 34 वर्ष साकिन ग्राम बेलरदोना थाना मगरलोड जिला धमतरी छग, सोमन सोनवानी पिता आनंद सोनवानी उम्र 19 वर्ष साकिन ग्राम परसदा कला थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छग समेत दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### राधिका ने भेजा नोटिस का जवाब, कहा- सुशील के दावे गलत

**रायपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने नोटिस का जवाब दिया है। उन्होंने कई तथ्यों के खुलासे किए हैं।



कोरबा के रिसॉर्ट में क्या हुआ उनके साथ, ये भी नोटिस के जवाब में लिखा गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता सुशील आनंद शुक्ला से आपसी विवाद के बाद राधिका ने सुशील पर कई आरोप लगाए। विवाद बढ़ा तो सुशील ने मानहानि का नोटिस भेजा था, जिसका जवाब राधिका ने दिया है। उन्होंने सुशील के दावों को गलत बताकर तीन दिन में माफी मांगने की बात कही है। राधिका खेड़ा के वकील हरिंदर सिंह की ओर से भेजे गए जवाब में बताया गया है कि राधिका खेड़ा को 1 फरवरी 2024 के दिन जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही थी, तब कोरबा के जश्न रिसॉर्ट में रात में सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय सिंह ठाकुर ने राधिका को कई बार अनुचित तरीके से शराब की पेशकश की थी। सुशील ने राधिका के इन्हीं दावों की वजह से लीगल नोटिस भेजा था, इसे राधिका की ओर से सही तथ्य बताते हुए मानहानि लीगल नोटिस को अनुचित बताया गया है।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ

**रायपुर।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

### मूणत का दावा-ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक राजेश मूणत बीते कई दिनों से ओडिशा के पुरी में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें रोज अलग-अलग अंदाज में जनसंपर्क करते देखा जा रहा है। मतदान के लिए महज 3 दिनों का वक्त बचा है, ऐसे में उन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को श्री मूणत ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान वह खुद दोपहिया वाहन चलाते नजर आए। श्री मूणत ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरी शहर के कई हिस्सों में भ्रमण करके आम जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 20 मई को दोपहर 12 बजे एक्सप्रेस-वे अमलीडीह के पास की है। प्रार्थी राजेंद्र निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय आरोपी कार क्रमांक सीजी-04, एचएम-4050 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक्टिवा सवार रामजी दीवान निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पुरानी बस्ती को ठोकर मार दी थी। घटना के बाद गंभीर हालत में उन्हें डीकेएस अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# चौधरी बोले- पांच साल में जीडीपी को 5 से 10 लाख करोड़ पहुंचाएंगे

## कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार हुआ, निवेशक भी होते थे प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के नए आयाम लिखने का काम करेगी। प्रदेश में निजी कंपनियां निवेश करेंगी। निवेश का माहौल बनाने सरकार संकल्पबद्ध है। हमारा लक्ष्य पांच साल में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ पहुंचाना है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार ज्यादा हुआ है। इसी के साथ निवेशकों को प्रताड़ित करने का काम होता था। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने प्रदेश में जीडीपी को बढ़ाने के लिए निवेशकों का आना बहुत जरूरी है। कहां-कहां, क्या-क्या संभव है, उस दृष्टिकोण से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इससे निश्चित रूप से परिणाम बेहतर आएंगे। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में निवेश भी होगा जीडीपी भी एक ऐतिहासिक तरीके से आगे बढ़ेगी। श्री चौधरी ने राजस्व बढ़ाने को लेकर कहा, कर प्रणाली में पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता आती है, टेक्नोलॉजी आती है, व्यवस्था सुधरती है, तो सरकार के खजाने में ज्यादा पैसे जाता है और भ्रष्टाचारियों के जेब में पैसा कम जाता है। दुर्भाग्य से पिछले सरकार ने व्यवस्था को बिगाड़ने का काम किया था, ताकि भ्रष्टाचार के जेब में ज्यादा पैसा डाल सके। इससे सरकार के खजाने में पैसा कम आया। इस कारण से इसे सुधारने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

### कांग्रेस सरकार में था माफिया राज

श्री चौधरी ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, पिछली सरकार में भ्रष्टाचार था, माफिया राज था। जो निवेशक आते थे, उनको भी तरह-तरह से प्रताड़ित करते थे, इसलिए निवेशक दूर से ही भाग जाते थे और जो आए वह भी काफी प्रताड़ित हुए हैं।




### रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण

*श्री चौधरी ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण को लेकर कहा, पूरी रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए आसानी से सुविधा उपलब्ध हो सके, इसकी कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही व्यवस्था में जो कुछ गड़बड़ियां हैं, जिससे लोगों को गड़बड़ी करने का मौका मिलता है, उन सब पर सुधार की दिशा में भी बड़े स्तर की परियोजना बनाई जा रही है। रणनीति काफी हद तक तैयार है, निश्चित रूप से सभी लोगों को इससे लाभ होगा। टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए पारदर्शिता लाने के लिए सुविधाओं में वृद्धि होगी।*

## पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था

# सरेंडर अहातों का ठेका सेकेंड ऊंची बोली वाले को नहीं, विभाग दोबारा निकालेगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में सरेंडर किए गए अहातों का दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इससे पहले विभाग ने सरेंडर होने की स्थिति में अहाता का ठेका सेकेंड नंबर पर ऊंची बोली लगाने वालों को दिए जाने का नियम बनाया था, लेकिन अचानक इस नियम में बदलाव करते हुए दोबारा टेंडर निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद विभाग ने सरेंडर हुए 5 अहातों के साथ माना देशी अहाता के लिए भी दोबारा टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था। इसके कारण यह अहाता ठेके पर जा नहीं पाया था। रायपुर जिले में 56 अहातों के लिए ऑनलाइन टेंडर बुलाया था। इनमें से माना देशी अहाता को छोड़कर 55 अहातों का टेंडर खोला गया था। इसमें से सभी अहाते सरकारी तय रेट से डेढ़ से दो गुना अधिक बोली में गए थे। सबसे ज्यादा बोली में गंजपारा का अहाता गया था। जिस रेट में अहाते गए थे, उसे लेकर विभागीय अधिकारी भी हैरान थे। वे मानकर चल रहे थे कि कई लोग अहाता सरेंडर कर सकते हैं। उनकी उम्मीद के अनुसार 5 लोगों ने अहाता सरेंडर भी कर दिया, जिसके बाद विभाग ने इन पांच लोगों के नाम ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। इसके साथ ही आवेदन के साथ जो रकम जमा की गई थी, उसे भी जब्त कर लिया है।



रायपुर, सोमवार 20 मई 2024 haribhoomi.com

जल्दबाजी में अहाता खोला इंतजाम अभी आधा-अधूरा

ऐसे चल रहे अहाते

हरिभूमि रायपुर भूमि

ये सुविधाएं जरूरी

टेंट में अहाता... स्टाल भी लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

▶▶शेष पेज 13 पर

### बिलासपुर में 61 अहातों का टेंडर दोबारा

बिलासपुर जिले में भी 64 में से 61 अहातों का ठेका लोगों ने सरेंडर कर दिया था। सूत्रों के अनुसा इसके बाद इन सभी लोगों के नाम ब्लैक सूची में डाल दिया गया है। ऐसी भी खबर है कि विभाग सरेंडर हुए इन अहातों के लिए दोबारा टेंडर निकालने की तैयारी में है।

### दोबारा टेंडर होगा

विभाग से मिले आदेश के अनुसार माना देशी सहित सरेंडर हुए 5 अहातों के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। सबसे ऊंची बोली के आधार पर ही ठेका दिया जाएगा।

\- विकास गोस्वामी
उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

### इतने में बिके थे, अब इससे कम लग सकती है बोली

*देशी उरला अभनपुर 45 लाख 11 हजार, विदेशी सड्डू 28 लाख 35 हजार, विदेशी कटोरातालाब 45 लाख 11 हजार, विदेशी फाफाडीह 30 लाख 65 हजार एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर का ठेका 28 लाख 11 हजार में गया था।*

### इन अहातों के लिए फिर निकाला जाएगा टेंडर

*अहाता चलाने से इनकार करने के बाद देशी उरला अभनपुर, विदेशी सड्डू, विदेशी कटोरा तालाब, विदेशी फाफाडीह एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर अहाता का ठेका निरस्त किया गया है। इन सभी अहातों के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके साथ माना देशी अहाता का भी टेंडर होगा।*

### अब कम बोली लगने की संभावना

*अहाता सरेंडर करने का कारण ऊंची बोली हो सकती है। लोगों ने अहाता से जमकर मुनाफा कमाएंगे सोचकर जोश में सरकारी तय रेट से डेढ़ से दो गुना अधिक की बोली लगा ली थी। टेंडर में नाम निकलने के बाद यह सोचकर अहाता सरेंडर कर दिए कि इससे उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं होगा। संभवतः घाटा भी हो सकता है। इधर दोबारा टेंडर निकालने के बाद अब संभावना जताई जा रही है कि लोग सरकारी तय रेट से ज्यादा कीमत की बोली नहीं लगाएंगे। यानी बोली की कीमत घट सकती है।*

# छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीवी कैमरा की रिपोर्ट मुख्यालय ने मंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औदिम जाति विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सभी सहायक आयुक्तों को उनके छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीव्ही कैमरा की स्थिति की समीक्षा कर एक रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। नवीन छात्रावास-आश्रमों एवं अन्य भवनों के के निर्माण कार्यों के लिए भूमि का चिन्हांकन तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए भूमि चयन के संबंध में भी मुख्यालय रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व बच्चों के लिए कक्षावार पुस्तकें, कॉपियां, गणवेश एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

परियोजना प्रशासक एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के साथ समीक्षा बैठक में श्री दुग्गा ने कहा, अब तक स्वीकृत हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों की पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करें। साथ ही जिन वन अधिकार पत्र धारकों की फौत हो चुकी है, उनके वारिसानों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अभिलेखों में सुधारने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें।

### पीएम जनमन योजना के प्रगति की समीक्षा

*इसके अलावा पीव्हीटीजी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदर्श ग्रामों के चिन्हांकन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। जिले में पदस्थ सहायक आयुक्त/परियोजना प्रशासक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य सभी नोडल विभागों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए।*

### लंबित प्रकरणों का निपटारा करने ओआईसी नियुक्त करें

*प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने जिलेवार लोक आयोग के लंबित प्रकरणों एवं अन्य न्यायालयीन प्रकरणों के लंबित रहने के संबंध में नाराजगी जाहिर की एवं इन प्रकरणों के लिए शीघ्र ओआईसी नियुक्त कर कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।*

# दिल्ली और हरियाणा में प्रचार करेंगे बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही कुमारी सैलजा के पक्ष में प्रचार करेंगे। दिल्ली दौरे को लेकर उन्होंने कहा, पार्टी जहां जिम्मेदारी देगी वहां काम करेंगे। हरियाणा और दिल्ली में पार्टी के पक्ष में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में अमित शाह के 4 जून को कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यह तय है कि 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हताशा, निराशा अमित शाह के बयानों में साफ झलक रही है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेताओं को श्री बैज ने डिस्पोजल बताते हुए कहा, ये लोग कांग्रेस में थे, तब फ्रंट पर रहकर काम करते थे। भाजपा में सभी नेता सिर्फ डिस्पोजल की तरह काम करेंगे। इनके भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## पंडरिया हादसे पर कांग्रेस ने कहा- मृतकों को 20 और घायलों को 5 लाख मुआवजा दें

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पंडरिया सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख तथा घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। सभी प्रभावित लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे, आदिवासी वर्ग से हैं। इन सभी को मुआवजे के साथ शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक श्रमिक बीमा योजना के तहत भी लाभ दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, मृतकों के अंतिम संस्कार में भाजपा सरकार ने संवेदनहीनता की सारी सीमाओं को तोड़ दिया, मृतकों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। सरकार ने उनके लिये व्यवस्था करने में कोताही बरती। गृहमंत्री इस मामले में बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते हैं कि सभी एक ही गोत्र के थे, इसलिये उनको एक ही चिता में जलाया गया, जबकि आदिवासी समाज में ऐसी कोई प्रथा नहीं है।*

# आरएसएस का प्रशिक्षण वर्ग 586 शिक्षार्थी ले रहे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गर्मियों में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में इस वर्ष छग प्रांत के रायपुर महानगर में संघ शिक्षा वर्ग लगाया गया है। समाज को संगठित करने तथा शाखा कार्य करने की क्षमता अर्जित करने के लिए संघ शिक्षा वर्ग में 19 मई से 15 दिनों के लिए कठोर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। संघ शिक्षा वर्ग में 586 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवक समय पालन, अनुशासन व समाज के प्रति अपनत्वभाव को आचरण में उतारता है। कृष्णा पब्लिक विद्यालय डुंडा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में प्रान्त संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, संघ संपूर्ण हिंदू समाज का संगठन है। सारा समाज एक है। ऐसा भाव जागृत करने का कार्य हमें करना है। शाखा कार्य यानी देश के लिए अच्छे व्यक्ति तैयार करना, जिसे हम व्यक्ति निर्माण कहते हैं। हमें हम, मैं और मेरा से ऊपर उठकर प्रत्येक गांव में शाखा और मिलन प्रारंभ करना है।

- 2 जून तक शाखा कार्य करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

# निर्धारित गाइडलाइन कीमत से कम पर न हो संपत्ति का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर सतर्क हो गया है। विभाग ने इस संबंध में जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यून मूल्यांकन से होने वाली राजस्व हानि रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया है। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा सभी जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकती है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के बाद आगे की कार्यवाही करें। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गाइडलाइन दरों में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। छूट के आधार पर संपत्ति की कीमत का निर्धारण कर पंजीयन किया जाता था। भाजपा सरकार आने के बाद इस छूट को खत्म कर निर्धारित गाइडलाइन के आधार पर पंजीयन किया जा रहा है। उसके आधार पर अब मूल्य का निर्धारण करने में दी जाने वाली छूट दिए जाने के संबंध में सतर्क रहने कहा गया है।

- जिला पंजीयकों को विभाग ने लिखा पत्र, कहा- नियमों के तहत करें निर्धारण




### प्रकरणों का निराकरण तीन माह में करें

यही नहीं, नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यादृच्छिक आधार पर दर अवधारित नहीं की जाए। पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है। वहीं ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है।

# छग के 50 अधिकारी 21 राज्यों में कराएंगे मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 50 अफसर 21 राज्यों में जाएंगे। इनमें प्रदेश के कई राप्रसे अधिकारी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। इन्हें ऑब्जर्वर बनाया गया है। इधर छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हुए मतदान के वोटों की गिनती के लिए 13 सौ से अधिक कर्मचारी अधिकारी तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी, कर्मचारी राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्रों में काम करेंगे।

**ये अधिकारी 21 राज्यों में जाएंगे:** छत्तीसगढ़ के भी 50 से ज्यादा अधिकारी अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक वनकर निगरानी करेंगे। इनमें अविनाश चंपावत को नागालैंड, प्रसन्ना को उत्तरप्रदेश, भीम सिंह यह को दिल्ली, डॉ प्रियंका शुक्ला को तेलंगाना, कुलदीप शर्मा को विहार, विनीत नंदनवार को हिमाचल प्रदेश, संजीव झा को महाराष्ट्र में ऑब्जर्वर बनाया गया है।

### 4 जून को वोटों की गिनती के लिए व्यापक प्रबंध, राज्य के वोटों की गिनती सभी जिलों में

भीम सिंह दिल्ली, टोपेश्वर वर्मा और तमिलनाडु, कुलदीप शर्मा विहार, तारण प्रकाश सिन्हा गुजरात, राजेंद्र कुमार कटारा गुजरात, डोमन सिंह ने के कर्नाटक, विनीत नंदनवार हिमाचल प्रदेश, प्रियंका शुक्ला तेलंगाना, जनक पाठक, उत्तरप्रदेश, प्रसन्ना, उत्तरप्रदेश, दीपक सोनी राजथान, सारांश मित्तर राजथान, पदुम सिंह एल्मा ओडिशा, सर्वेश भूरे आंध्र प्रदेश, आभा तिवारी उत्तराखंड, कुंजाम झारखंड, सिली थॉमस उत्तरप्रदेश रुचि शर्मा उत्तरप्रदेश, भारती चंद्राकर उत्तरप्रदेश, उज्जवल पोरवाल तमिलनाडु, एका तमिलनाडु, योगेंद्र श्रीवास राजस्थान, विनय कुमार सोनी पंजाब, वैभव कुमार पंजाब, नेहा कपूर ओडिशा, लीना कोसम ओडिशा, माधुरी सोम ठाकुर ओडिशा, विनय शर्मा ओडिशा, आनंद रूप तिवारी ओडिशा, अविनाश चंपावत नागालैंड, ज्योति जुगल मिजोरम, आरती वासनिक मेघालय, पुलक भट्टाचार्य मेघालय, प्रेमलता मांडवी महाराष्ट्र, अनुप्रिया मिश्रा महाराष्ट्र, यामिनी पांडेय गुप्ता महाराष्ट्र, संजीव कुमार झा महाराष्ट्र. प्रणव सिंह महाराष्ट्र, इफ्फत आरा केरल अजय त्रिपाठी केरल, सिम्मी नाहिद कर्नाटक, देव नारायण कश्यप हिमाचल प्रदेश, अवध राम टंडन हरियाणा शामिल हैं।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट, लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
24 मई 2024 शुक्रवार

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप



### शराब पिलाने की व्यवस्था करने वाले महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम अर्जुनी छोटेपारा स्कूल मैदान के पास सार्वजनिक स्थान पर एक महिला के द्वारा लोगों को शराब पिलाने की व्यवस्था करा रही थी, जिसे पुलिस ने पकड़ा। आरोपिया के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम अर्जुनी स्कूल मैदान के पास सार्वजनिक स्थान के पास एक महिला लोगों को शराब पिलाने की व्यवस्था करा रही है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 21 मई की देर शाम साढ़े 7 बजे घेराबंदी कर अर्जुनी निवासी 33 वर्षीय अहेल्या कावड़े पति कृष्णा कावड़े को पकड़ा। आरोपिया के कब्जे से दो नग डिस्पोजल व मिक्चर का खुला पैकेट जब्त किया गया। आरोपियां के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

### सामान्य सभा की बैठक आज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा उप समिति कांकेर के सामान्य सभा की बैठक ठाकुर रूपेश्वर सिंह अध्यक्ष उप समिति कांकेर की अध्यक्षता में 23 मई गुरुवार को 3 बजे से नेशनल पब्लिक स्कूल लखनपुरी में होगी। आयोजित बैठक में समाजजनों से उपस्थित रहने आव्हान किया गया है। उक्ताशय जानकारी उप समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं मीडिया प्रभारी डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर ने दी।

### सड़क निर्माण को पूरा करने की ग्रामीणों ने की मांग



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत कोदापाखा से बांगाचार लगभग 2 किमी सड़क निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है। मुरमीकरण कार्य प्रारंभ किए 1 वर्ष हो गया है और काम बंद कर दिया गया है। ग्रामीण हरेंद्र नाग, मिलाप बघेल, छत्रपाल, परमेश्वर बघेल, हरीश बघेल, प्रताप कुमार बघेल ने बताया कि सड़क निर्माण में विलंब होने से आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है वहीं बहुत जल्दी मानसून बारिश होने को है जिससे और काफी दिक्कतें होगी। .ग्रामीणों ने इस संबंध में शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है, फिर भी प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है। ठेकेदार की लापरवाही से काम में प्रगति नहीं हो रही है ग्रामीणों ने जल्दी से जल्दी सड़क निर्माण को पूरा करने की मांग की है।

## निधन

### ऐश्वर्य चौधरी



**धमतरी।** ग्राम परसतराई निवासी ऐश्वर्य चौधरी का आकस्मिक निधन 21मई को हो गया। वे खरतुली परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य ललित चौधरी के पुत्र थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### डॉ. सरोज दीवान



**कुरुद।** सिविल अस्पताल कुरुद में पदस्थ डॉ सरोज दीवान 44 वर्ष का बुधवार की सुबह अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत डॉ श्रीमती दीवान की अंत्येष्टि उसके मायके चांपा बिलासपुर में की गई। वे सिविल अस्पताल कुरुद में 2011 से एक महिला चिकित्सक के रूप में पदस्थ थीं।

### कथा के अंतिम दिन शिवमहापुराण सुनने पांच लाख से भी अधिक भक्तों का उमड़ा सैलाब

# शिव ही हैं जो कर्ज और मर्ज में आपका साथ देते हैं : पं. मिश्रा





**सुबह 4 बजे से ही पहुंच गए थे शिवभक्त, व्हीआईपी पास वालों को भी पंडाल से बाहर बैठना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कमला देवी श्रीधर परिवार द्वारा कुरुद में आयोजित गौरीशंकर शिवमहापुराण के अंतिम दिन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव की महिमा सुनाते हुए कहा कि आपको कर्ज और मर्ज में कोई साथ दे या न दे पर आपने शिवजी को एक लोटा जल चढ़ाएं हैं तो वह आपका साथ कभी नहीं छोड़ता। क्योंकि यह शिव ही है, जो आपके साथ जीवित अवस्था में भी रहते हैं और मरने के बाद श्मशान में भी। इसलिए कहता हूं कि एक लोटा जल सब समस्या का हल। कुरुद में अब तक के इतिहास में पहली बार बुधवार को श्रद्धालुओं का इतना सैलाब उमड़ा कि कथा समापन के बाद कथास्थल से निकलने में ही घटों लग गये। भीड़ को काबू करने व ट्रैफिक व्यवस्था बहाल करने में पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी। अंतिम दिवस की कथा सुबह 8 बजे से होने के कारण भक्तगण सुबह 4 बजे से ही पंडाल पहुंच गए थे जिसके कारण व्हीव्हीआईपी व परिवार के लोगों को भी आरक्षित जगह पर बैठने को नहीं मिला। लाखों लोगों ने कड़ी धूप में पंडाल के बाहर बैठकर कथा सुनी। आयोजन को सफल बनाने में नगर व क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, सेवादारों, शिवभक्तों एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। वहीं ट्रैफिक, पार्किंग से लेकर बैठक एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।



### शिव कृपा से आयोजन हुआ सफल : चंद्राकर

कथा विराम के बाद आभार प्रदर्शन करते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि शिव की कृपा होती है, इसकी अनुभूति मुझे भी इस आयोजन में देखने को मिली। अनुमान से ज्यादा श्रोताओं की भीड़ उमड़ी। हजारों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अप्रत्याशित भीड़ को नियंत्रित करना हमारे बस की बात नहीं थी। यह सब शिव कृपा से ही संभव हुआ। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से सेवा देने वाले सभी वर्ग का आभार प्रकट किया।

### लाखों भक्तों ने किया रोजाना दान

कथा श्रवण करने रोज लाखों भक्त पहुंचते थे। रोजाना लाखों भक्त एक रुपये से लेकर हजारों दान कर रहे थे। कोई विट्ठलेश सेवा समिति के नाम से ऑनलाइन, नकद रसीद कटवा रहा था तो अनेक ऐसे शिवभक्त मिले जो पंडित मिश्रा के साथ आये हुए सहयोगी के लाल थैले में एक रुपये से लेकर हजारों दान कर रहे थे। कथा समाप्ति के बाद महाराज को कुरुद से खुश होकर जाने की चर्चा सुनने पर आयोजन से जुड़े हुए कुछ लोगों से कहते सुना कि रोजाना महाराज को शिवभक्तों से 10 से 15 लाख का दान मिला तो कैसे खुश नहीं होगा तभी दूसरे ने कहा कि सात दिन महाराज को करीब एक करोड़ का दान मिला होगा।

### अनाथों के नाथ हैं भगवान विश्वनाथ

पंडित मिश्रा ने बताया कि जिनका कोई नहीं होता उसका भगवान विश्वनाथ होता है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ में शिवजी के साथ मां पार्वती की जगह मां अन्नपूर्णा विराजित हैं ताकि कोई भी भक्त भूखा न रहे। उन्होंने अनाथालय का नाम बदलकर विश्वनाथालय कर देने पर भी बल दिया। उन्होंने शिवकथा पंडाल में बैठकर कथा सुनने वालों को असत्य, नशा, अहंकार व अन्य दुर्विकार रूपी ताप कम होकर शरीर में शीतलता आने की बात कही। मिश्रा ने बारह ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति व नाम गिनाकर उसका संक्षिप्त में महत्व बताया।

### सुख हो या दुख मदिरालय की जगह शिवालय जाएं

व्यासपीठ से प्रदीप मिश्रा ने मानव की इच्छाओं की प्रवृत्ति पर बात करते हुए कहा कि हर लोगों की दो इच्छाएं होती हैं एक अच्छी व एक बुरी। उनमें से हमें अच्छी वाली का ही चयन करना चाहिए। उन्होंने बहुमूल्य मानव देह को नशे जैसे दुर्व्यसन से दूर रखने का संदेश देते हुए कहा कि आपके पास चाहे कोई सुख हो या दुख हो मदिरालय की जगह आपको शिवालय जाना चाहिए। क्योंकि शिव ही एक मात्र हैं जो सुख व दुख दोनों की अवस्था में अपने भक्तों का साथ नहीं छोड़ता।

# जैतखाम काटने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे के नेतृत्व में गत दिवस जैतखाम काटने के विरोध में समाज के लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को अपराधी पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

विदित हो कि गिरौदपुरी धाम के महकोनी ग्राम स्थित अमर गुफा के जैतखाम को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा काट दिया गया है।

इसी तरह बलौदाबाजार जिले के ग्राम बिटकुली में भी छत्तीसगढ़ी फिल्म के कलाकारों द्वारा जैतखाम के झंडे को निकालकर जातीय रंजिश दिखाई गई। इसी तरह छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज पर लगातार हमले हो रहे हैं। सतनामी समाज के जिलाअध्यक्ष भावसिंह डहरे के नेतृत्व में जैतखाम काटने वाले अपराधियों और इन लोगों को उकसाने वालों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को ज्ञापन सौंपा गया।


इस अवसर पर खिलावन बारले जिला सचिव, तेजेश्वर कुर्रे भखारा ब्लॉक अध्यक्ष, रामकुमार बंजारे कुरूद ब्लाक अध्यक्ष, रूपेंद्र बघेल, राजकुमार टंडन, डॉक्टर रोहित कुर्रे, दुष्यंत कुमार, राजू कुर्रे, दिलीप टंडन, लेखराज, लल्ला बंजारे, हरिश्चंद्र, धर्मेंद्र, भोजराज, योगेश, राजू, छन्नू महिलांगे, सविता बाई, चंद्र कुमार, हीरालाल, जगमोहन, रामनाथ अंसारी, पूरनलाल घृतलहरे उपस्थित थे।



सतनामी समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेसियों नें पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न राजीव गांधी को उनकी 33 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुरुद के कांग्रेसियों ने आंतकवाद विरोध दिवस व देश में भाईचारा, समरसता व विकास के लिए शपथ ली। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि अभी तक के सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी भारतरत्न राजीव गांधी आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा थे। पंचायती राज, औद्योगिक विकास, विदेश नीति, टेक्नोलॉजी, 18 वर्ष से मताधिकार के पक्षधर थे। अल्प कार्यकाल में उन्होंने देश को अनेक सौगात देकर मजबूत किया। उनके बलिदान दिवस को आंतकवाद विरोध दिवस के रुप में मनाते हुए सभी ने शपथ ली कि हम सभी धर्मों व वर्गों का सम्मान करते हुए अहिंसा व शांति के पक्षधर रहेंगे। मानव मूल्यों को क्षति पहुंचाने वाले ताकतों, आंतकवाद व हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रहलाद चन्द्राकर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्वर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री प्रमोद साहू, पार्षद उत्तम साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी महामंत्री पप्पू राजपूत, पूर्व कन्या विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, संतोष प्रजापति, तुकेश साहू, तुलसीराम साहू उपस्थित थे।

# प्रदेश के 150 रचनाकार मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान से होंगे सम्मानित

- मानसरोवर साहित्य अकादमी छग का वार्षिक महोत्सव 29 मई को मनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का वार्षिक महोत्सव 29 मई को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक वृन्दावन हाल सिविल लाइंस रायपुर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी भाषा में दैनिक रचना करने वाले 30 रचनाकार सहित प्रदेश के 150 रचनाकार मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित होंगे।

इस वार्षिक महोत्सव में मानसरोवर साहित्य अकादमी के निर्देशक ग्राम गातापार निवासी चोपेश्वर साहू द्वारा रचित दाई के दुलार छत्तीसगढ़ी कव्य संग्रह, मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई के संयोजक लता त्रिशा शर्मा द्वारा रचित कृष्णामृत हिन्दी काव्य संग्रह व सुधा शर्मा द्वारा रचित कहानी संग्रह मनटोरा और डॉ. विजय कन्नौजे के संपादन में प्रकाशित बाबा गाडगे साझा संकलन पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कवि अनिल जांगड़े, कुलदीप सिन्हा दीप, भुवनेश्वर प्रसाद गोपाल, मंशाराम गंधर्व, डॉ. विजय कन्नौजे, मोहन कंसारी, चिन्ताराम धुर्वे, केंवरा यदु मीरा, सुधा शर्मा, डॉ. कमल वर्मा, जलेश्वरी वस्त्रकार, लता शर्मा, मकसूदनराम साहू बरीवाला, मुकेश उईके मवेयारू, सुनीता शर्मा, गोकुल राम साहू, सतीश देवांगन, डॉ. भारती अग्रवाल, नरेन्द्र वर्मा, रामकुमार पटेल, कुशकुमार साहू उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी भी होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मुन्नालाल देवदास राष्ट्रपति पुरुस्कृत एवं संस्थापक कौशल्या इनोवेशन फाऊंडेशन होंगे। विशिष्ट अतिथि कुलेश्वर साहू हरिओम मार्गदर्शक मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई, रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार व गीतकार, चेतन भारती वरिष्ठ साहित्यकार मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम को दिशा- निर्देश मानसरोवर साहित्य अकादमी के संस्थापक मानसिंह सुथार, चोपेश्वर साहू एवं संयोजक लता शर्मा, त्रिशा प्रदान करेंगे।

# इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान कृष्ण ने लीला की : भागीरथी

- चिटौद में भागवत कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)



भगवान कृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों से आह्वान किया। रासलीला श्रीमद्भागवत का प्राण है। रास का मतलब होता है आनंद और आनंद का मतलब श्रीकृष्ण, गोपियां और जीवात्मा है। आजकल लोग दुख में भगवान का स्मरण करते हैं। हमें सुख में भी भगवान का स्मरण करना चाहिए। भागवत कथा में कथावाचक भागीरथी महाराज ने व्यासपीठ से रूक्मणि विवाह एवं रास लीला का प्रसंग विस्तार से सुनाया।

ग्राम चिटौद में भुखउराम फूटान परिवार द्वारा गांधी चौक में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के 6 वें दिन महाराज ने सनातन धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में पेड़ पौधों, पहाड़ पर्वत, जंगली जानवरों व पशु पक्षियों की पूजा होती है। सनातन धर्म को श्रेष्ठ धर्म माना गया है। भागीरथी महाराज ने रूक्मणि विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। श्रीकृष्ण की पहली पत्नी देवी रूक्मणि थी। वह विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी। श्रीकृष्ण की कहानियां सुनकर देवी रूक्मणि ने उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था।



भागीरथी महाराज ने भक्तों को रास का महत्व बताते हुए कहा कि रासलीला भगवान का प्राण है। रास का मतलब होता है सारे संसार का रस । आगे कहा कि अभिमान कभी अच्छा नहीं होता। इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान ने लीला की। श्रीकृष्ण ने अपने वचन को पूरा करने के लिए रास का आयोजन किया और इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया। माना जाता है कि आज भी शरद पूर्णिमा की रात में श्रीकृष्ण गोपियों के साथ रास रचाते हैं। शरद पूर्णिमा की रात में चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होती है। इस रात को चंद्रमा का सौंन्दर्य सबसे अधिक निखर कर आता है। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं रूक्मणि का विवाह धूमधाम से मनाया गया।

# समर कैंप में छात्रों के रचनात्मक लेखन पर जोर

- भोथीपार स्कूल में लगा कैंप, 60 छात्र-छात्राएं ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्रीष्मावकाश में छात्रों में कौशल विकास के लिए शाला प्रबंधन की सहमति से शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन 26 मई तक किया गया है। कैंप में कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 60 छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। बच्चे कविता, कहानी, बाल अखबार बनाना, चित्रकारी, टोपी बनाना, मुखौटे बनाना, रोल प्ले करना, वर्कशीट पर काम करना, हस्त पुस्तिका का निर्माण शिक्षकों के मार्गदर्शन पर कर रहे हैं। इसके अपने शब्दों में कहानी को सुनाना, अपने आसपास की कविता को सुनाना, अंग्रेजी में गणितीय संक्रियाओं की समझ के साथ गतिविधियां करना, जल संरक्षण के उपाय पर चर्चा कर रहे हैं। छात्रों के रचनात्मक लेखन पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि बच्चे अपनी कही गई बातों को या सुनी गई बातों को अपने शब्दों में लिपिबद्ध कर सके।



इस आयोजन में शिक्षक रामबगस गंगबेर, हिरेन्द सोनबेर, टीकाराम सिन्हा, सनातन सोनबेर, सुरेन्द्र साहू, खिलेश्वरी सेन, भाग्यश्री साहू, सतीश साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष भूषेण पटेल, तामेश्वर सेन सचिव, खोमिन साहू, एकनाथ साहू, देवेन्द्र पटेल, पोषण साहू, गोपेश्वर साहू, पूर्णिमा सिन्हा, बंशीलाल पटेल, प्रीति साहू समेत अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भगवान राम का विवाह रचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

सिहावा के शाकंभरी मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा से पहले गौकरण मिश्रा, चन्द्रहास दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर हल्दी, चंदन का लेप लगाकर भगवान श्रीराम का विवाह संपन्न किया गया। इस दौरान कोसरिया मरार पटेल समाज के लोगों ने एक दूसरे को हल्दी चंदन का लेप लगाकर खुशी जाहिर की।

इस मौके पर अमर सिंह पटेल संरक्षक, लतखोर पटेल, राजा पटेल समाज सिहावा राज, नारायण पटेल यजमान, श्रीमती फुलबाई पटेल यजमान, खुटैत पटेल समाज, बहुर सिंह पटेल अध्यक्ष, डिलेश्वर पटेल महासचिव सिहावा राज, नरेश कौशल संगठन मंत्री, प्रेमलाल पटेल अध्यक्ष सांकरा क्षेत्र, राजू पटेल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सांकरा, संतोष पटेल, कामिनी पटेल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, गंगा पटेल, खुबेश्वरी पटेल,सुरूज पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



# कुहकुहा के ग्रामीणों ने दी शिव महापुराण में अपनी सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

कुरुद में 16 से 22 मई तक आयोजित गौरीशंकर शिव महापुराण कथास्थल में कुहकुहा के ग्रामीणों ने स्वल्पाहार सहित अन्य प्रसाद का वितरण किया। ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी श्रद्धा और भक्ति के साथ सेवा देते नजर आए। कुहकुहा के सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र साहू, नोकेश साहू, खेमराज साहू, पुरुषोत्तम साहू, लक्ष्मी साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शिवभक्तों को प्रसादी का वितरण किया।



Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कम्प्यूटर साइंस एवं आईटी की प्रायोगिक परीक्षा 24 को

**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महावद्यािलय में एमएससी द्वितीय सेमेस्टर कम्प्यूटर साइंस एवं आईटी की प्रायोगिक परीक्षा 24 मई को प्रातः 10 बजे होगी। । परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर विभाग में प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होने कहा गया है। निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर जवाबदारी स्वयं छात्र की होगी।

### आतंकवाद विरोध दिवस पर कलेक्टोरेट में ली गई शपथ



**जगदलपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा आतंकवाद विरोध दिवस का शपथ दिलवाया गया। शपथ लेने के लिए जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### समर कैम्प में हुई विविध गतिविधियां



**जगदलपुर।** शहर के भगत सिंह पूर्व माध्यमिक शाला में समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें शिक्षकों द्वारा पेंटिंग, नृत्य, शतरंज खेलना सिखाया गया। उमेश प्रताप, विशाल देवांगन, इंदिरा मथानी, इंद्राणी ठाकुर की उपस्थिति में विविध गतिविधियां कराई गई। उक्त जानकारी यास्मीन खान ने दी है।

### नामकरण का सुझाव देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



**बीजापुर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष सहित विडियो कॉन्फ्रेंस, आगंतुक कक्ष के नामकरण हेतु आम नागरिकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों से नामकरण का प्रस्ताव एवं सुझाव आमंत्रित किया गया था जिसमें कुल 14 प्रस्ताव आमंत्रित हुए थे। समय-सीमा की बैठक में उपस्थित प्रस्ताव देने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी को कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जिसमें एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, एसडीएम भोपालपटनम यशवंत कुमार नाग, उप संचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा, तहसीलदार बीजापुर दुकालु राम ध्रुव, सीईओ जनपद पंचायत उसूर प्रभाकर चंद्राकर एवं शंकरिया राव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जनसंपर्क विभाग बीजापुर सम्मानित हुए।

### बैल से टकराकर दो युवक हुए घायल

**बस्तर।** एकटागुड़ा के समीप आज दो युवक बैल से टकराकर घायल हो गए। मानवता का परिचय देते हुए धाकड़ समाज जिला मीडिया प्रभारी प्रेमसागर ठाकुर ने दुर्घटनाग्रस्त युवाओं को गाड़ी व्यवस्था कर उप स्वास्थ्य केंद्र बस्तर तक पहुंचाया।
मामला एकटागुड़ा हिंगलाजिन मंदिर के समीप का है। दो युवक बस्तर एनएच 30 से जगदलपुर की ओर जा रहे थे। तभी अचानक हिंगलाजिन माता मंदिर एकटागुड़ा के समीप तेज रफ्तार से आ रही बाइक एक बैल से टकरा गई। जिससे कि दोनों हाइवे रोड पर जा गिरे। दोनों युवक गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बेहोशी की हालत में था, वहीं दूसरा पता नही बता पा रहा था। उन्हें तात्कालिक एक ऑटो व्यवस्था कर बस्तर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया।

---

पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा में शिवमहापुराण कथा का आयोजन

# शिव-पार्वती विवाह की कथा सुन श्रोता हुए निहाल

- शिवमहापुराण सुनने से समस्त पापों का नाश होता है : नारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा में आयोजित शिव महापुराण कथा में पं. नारायण महाराज ने श्रोताओं को शिव पार्वती विवाह उत्सव को झांकी के माध्यम से श्रवण कराया। कथा सुनकर भक्त निहाल हो गए।

कथावाचक ने बताया कि भोलेनाथ ने गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए यह सिखाया कि मनुष्य गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए भी भजन पूजन सत्कर्म करके समाज की सेवा कर सकता है। भागवत भक्ति के साथ आत्मकल्याण के लिए भी कर्म कर सकता है। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि जब शिव पार्वती का विवाह होने वाला था तो एक सुंदर घटना हुई। ऐसा विवाह इससे पहले कभी नहीं हुआ था। शिव दुनिया के सबसे तेजस्वी प्राणी थे जो दूसरे तेजस्वी प्राण को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे। उनके विवाह में ब्रम्हाण्ड के सभी जीव सम्मिलित हुए। सुर असुर, गंधर्व किन्नर सभी शामिल रहे। इस विवाह में सुर -असुर दोनों शामिल हुए। जबकि आमतौर पर दोनों एक दूसरे के प्रबल विरोधी हैं। उन्होंने सारे मतभेद भुलाकर विवाह में शामिल होने का मन बनाया।

कथावाचक ने बताया कि शिव महापुराण सुनने से दुखों की निवृत्ति और मनुष्य की मुक्ति हो जाती है। वर्तमान में मनुष्य भोग और मुक्ति दोनों चाहता है। जब तक मनुष्य को भोग और मुक्ति प्राप्त न हो तब तक मनुष्य संतुष्ट नहीं होता। शिवमहापुराण की कथा हर सांसारिक सुख प्रदान करती है। शिव महापुराण कथा स्थल में तीर्थ प्रकट हो जाते हैं। जो मनुष्य भक्तिपूर्वक महाशिवपुराण का एक श्लोक भी पढ़ लेता है वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। उत्कृष्ट और उत्तम भक्ति से भगवान के दर्शन होते हैं। व्रत धीरे धीरे व्यक्ति को कल्याण की ओर ले जाता है। जो व्यक्ति कभी पूजा पाठ नहीं करता उसे सदमार्ग नहीं मिलता। वह माता पिता धन्य है जिनकी संतान बचपन से ही भगवान की भक्ति में लगी रहती है। पूर्व काल में जो तन की तपस्या कही गई है उसके द्वारा भगवान प्राप्ति मानी गई है। कलयुग में व्यक्ति तन की तपस्या करने तैयार नहीं है। पार्थिव शिवलिंग की सेवा से समस्त समस्या का समाधान हो जाता है। भगवान शिव की उपासना हर विध्न से बचाती है। इस अवसर पर कथा पंडाल में आयोजक एवं मुख्य यजमान सीमांत साहू, दिनेश्वरी साहू, शंकरलाल साहू, तन्मय साहू सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

## प्रशिक्षण लेकर लौटी युवतियों का बस स्टैंड में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व हिंदू परिषद पूरे जिले में अपने संगठन को मजबूत कर रही है। धर्म रक्षा, लव जिहाद, गौ तस्करी, धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष और समाज सेवा, संस्कृति रक्षा एवं संस्कार निर्माण का कार्य कर रही है। बजरंग दल द्वारा किए जा रहे कार्यों से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ रहा है और युवा प्रशिक्षण लेने के लिए संगठन से संपर्क कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी द्वारा बालोद जिले में चलाये जा रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण वर्ग में धमतरी जिले की 50 बहनों ने हिस्सा लिया जहां उन्हें तलवार, दंड, राइफल, कराते के अलावा अलग-अलग आत्मरक्षा की कलाओं में पारंगत किया गया। धमतरी की बेटियों ने बढ़- चढ़कर इस प्रशिक्षण में प्रतिभागिता निभाई। प्रशिक्षण लेकर अपने गृह जिले धमतरी पहुंची। धमतरी बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और शहर के अन्य गणमान्य लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकालकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने गांव-गांव में प्रशिक्षण आयोजित करने की बात कही। जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने पालकों से कहा कि शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को पुनः शाला भेजने प्रेरित करें। संदीप अग्रवाल ने युवतियों को संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया।

## पुराने हैंडपंप में रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की बताई विधि

- अंवरी और मुल्ले में आयोजित हुआ जल जगार उत्सव
- जल समस्या पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित कर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जल जगार उत्सव के दूसरे दिन कुरूद विकासखण्ड के ग्राम अंवरी और मुल्ले में कार्यक्रम हुए। इस दौरान वाटर हीरो जलप्रहरी नीरज वानखेड़े ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग को तैयार करने के संबंध में डेमो करके समझाया। इसके साथ ही गांव के पुराने हैण्डपम्प में रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की विधि का प्रदर्शन भी किया। श्री वानखेड़े ने जल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानव जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण है और इसका संरक्षण करना हम सबका कर्तव्य है।

इस मौके पर ग्रामीणों ने जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने और जल को संरक्षित करने की विधि को समझने के लिए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सबने एक स्वर से कहा कि पानी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने गांव के भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाब के किनारे, घरों के आसपास, सार्वजनिक स्थानों में पौधारोपण करने, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की भी बात कही। इसके साथ ही देश में व्याप्त जल समस्या पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन कर जल बचाने लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम, सीईओ जनपद पंचायत कुरूद जी.आर.वर्मा, तहसीलदार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

गौरतलब है कि कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर जिले में भू-जल स्तर बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 15 जून तक जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गांवों में जलप्रहरी के जरिए रैनवाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की विधि ग्रामीणों को दी जा रही है। साथ ही अधिकारी, कर्मचारी सहित ग्रामीण जल संरक्षण संबंधी शपथ और नारी शक्ति से जल शक्ति सेल्फी जोन में सेल्फी भी ले रहे हैं। कार्यक्रम में जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को मंच से सम्मानित गया।

## धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं

- सतनामी समाज की हुई बैठक, शासन-प्रशासन से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ में लगातार सतनामी समाज की आस्था वाले धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे लेकर समाज में आक्रोश है। समाजजनों ने कहा कि धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं है।

सतनामी समाज धमतरी के युवा प्रमुख कोमल संभाकर ने कहा कि बीते दिनों अमरगुफा महकोनी गिरौदपुरी में स्थित जोड़ा जैतखंभ को असामाजिक तत्वों ने आरी से काटकर ध्वस्त कर दिया था। धार्मिक भावनाओं से लगातार हो रही खिलवाड़ से आहत होकर धमतरी सतनामी समाज की टीम ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार की है। आगे कहा कि एक सप्ताह के भीतर प्रदेश में तीन जगह धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई है। पहली घटना महकोनी गिरौदपुरी में हुई जहां पवित्र जैतखंभ को आरी से काट दिया गया था वहीं अमरगुफा के गेट को तोड़ दिया गया। दूसरी घटना बिटकुली बलौदाबाजार से सामने आई वहां पर धार्मिक स्थल के झंडे को निकालकर फेंक दिया गया। तीसरी घटना पारागांव आरंग में हुई जहां समाज के लोगों के साथ मारपीट की गई। श्री संभाकर ने आगे कहा कि समाज के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन की लड़ाई लड़ेंगे रहेंगे। उन्होंने शासन-प्रशासन से सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों पर कठोर करवाई करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर समाजजनों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक में विनोद डिंडोलकर, अजय डहरिया, अविनाश जांगड़े, विजय संभाकर, रितेश कोसरे, राहुल संभाकर, रवि बंजारे, देव कुर्रे समेत सामाजिक युवा मौजूद थे।

## बाल बैडमिंटन में नरेंद्र एवं बम्लेश्वर ने लहराया परचम

- चेन्नई में 28 से 4 जून तक करेंगे पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर टीम का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्र बम्लेश्वर पटेल एवं बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र नरेन्द्र कुमार का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विदित हो कि 9 फरवरी 2024 में दुर्गा महाविद्यालय रायपुर छग में सेक्टर स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। स्पर्धा में संत गुरू घासीदास शाससकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की पुरूष टीम के खिलाड़ी नरेन्द्र एवं बम्लेश्वर का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम के लिए हुआ है। चयन के बाद 5 दिवसीय ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन कोटा स्टेडियम रायपुर में 23 से 27 मई तक होगा।

शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर खिलाड़ी नरेन्द्र एवं बम्लेश्वर 28 से 4 जून तक आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता हेतु जेप्पियर विवि सेम्मनचेरी चेन्नई में अपने खेल का प्रदर्शन कर पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.डी.के.राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणि श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ.एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल,, हित नारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपा राम साहू, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, लीना दिली, विजय, कौस्तुभ तिवारी, नरोत्तम, नीलकंठ , एचआर. उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस समेत महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

## नाली का गंदा पानी सड़क पर, वार्डवासी परेशान

- अधारी नवागांव वार्ड में एफसीआई चौक के पास माहभर से पानी जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के अधारी नवागांव वार्ड में एफसीआई चौक के पास नाली का गंदा पानी सड़क पर जाम हो गया है। यह स्थिति महीनों से है। वार्डवासी गंदा पानी से होकर गुजरते हैं। पानी की समुचित निकासी नहीं होने से असहनीय बदबू फैल गई है। इससे वार्डवासियों का जीना हराम हो गया है। वार्डवासी कोमल सोनकर, महेश जांगड़े, मन्नू रजक, अविनाश जांगड़े, प्रताप कोसरे आदि ने बताया कि सड़क में फैले गंदे पानी की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों को अपने घरों तक जाने के लिए गंदा पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जाम पानी की वजह से वातावरण में असहनीय बदबू है। मच्छर, मक्खी पनप रहे हैं। वार्डवासी महीनों से नारकीय जीवन जी रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि जिम्मेदार निगम प्रशासन को सूचित करने पर भी उचित कार्रवाई नहीं हो रही है। निगम अधिकारियों का कहना है कि एफसीआई के गेट को तोड़कर नए सिरे से निर्माण करना पड़ेगा तभी पानी की निकासी होगी। इधर वार्डवासी निगम की कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि माहभर बाद बारिश का मौसम आ जाएगा। ऐसे में निकासी नहीं होने से सड़क का गंदा पानी घरों में घुसेगा।

### ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में भू-जल स्तर में सुधार लाने के लिए आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जल शक्ति अभियान के तहत कुरूद विकासखण्ड के ग्राम नवागांव (थुहा) और अंवरी में तालाब, नाली, गांव की साफ-सफ़ाई की गई। साथ ही जल संरक्षण के संबंध में ग्रामीणों द्वारा रैली निकाली गई।

## जैव विविधता पारिस्थितिक तंत्र की स्थिरता बनाए रखने में सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




जैव विविधता के महत्व को समझने एवं जागरूकता लाने के लिए शैक्षणिक व सामाजिक संस्था द्वारा ग्राम कुम्हारखान विकासखंड गुरुर जिला बालोद में विश्व जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच भामिन नेताम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनराज ध्रुव ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण किया।

संस्था के सचिव शेखर गंजीर ने बताया कि जैव विविधता पर्यावरण संतुलन और मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें विभिन्न प्रकार के पौधों, जानवरों, सूक्ष्मजीवों और पारिस्थितिक तंत्रों की विविधता शामिल होती है। जैव विविधता पारिस्थितिक तंत्र की स्थिरता बनाए रखने में सहायक होती है, जिससे हमें भोजन, दवाएं और अन्य आवश्यक संसाधन मिलते हैं। इसके अलावा यह जलवायु संतुलन और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

जैव विविधताके संरक्षण के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति की भी जिमेदारी होती है। मौके पर फूलसिंह, मंशाराम, ईश्वर साहू, परमेश्वर साहू, केशरी साहू, रतन, मधुकर, शांति यादव, संतोषी यादव समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है







| Dhamtari To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

